केंद्रीय विद्यालय संगठन ( लखनऊ सम्भाग)
कक्षा- **XII**
मासिक परीक्षा – अगस्त **2025**
हिंदी आधार **(302)**

अवधि : **1** घंटा पूर्णांक : **30**

आदर्श उत्तर पत्रक

सामान्य निर्देश –

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक और सांकेतिक हैं ।
- यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएं ।
- मूल्यांकन कार्य मॉडल आंसर शीट के निर्देशानुसार ही किया जाए।
- एक ही प्रकार की अशुद्धि पर बार – बार अंक न काटे जाएं ।
- मूल्यांकन में सम्पूर्ण अंक पैमाने 0 से 30 का प्रयोग अभीष्ट है।

खंड क- ( अपठित बोध ) (07 अंक)

प्रश्नोत्तर **1.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (7 अंक)

बहुविकल्पीय प्रश्न - **(1 x2 =2)**

(i) ख- भाषा,वेश,प्रदेश भिन्न होते हुए भी एक होना

(ii) ग- इसके पास एक अरब से अधिक भुजाओं की ताकत है |

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न - **(1)**

(iii)माँ भारती के पास एक अरब संतानों की शक्ति है

लघूत्तरात्मक प्रश्न - **(2)**

(iv) सुख-दुःख के दिनों में भारतीयों का परस्पर सहयोग होता है | सब साथ में हँसते हैं गाते हैं और साथ ही कष्ट सहते हैं साथ ही संघर्ष करते |

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(v)भारत की भूमि उर्वर है | यहाँ फसलें खेतों में तुम लहराती हैं | सर्वत्र हरीतिमा रहती है | फसलों से हरी भरी रहने के कारण इसे शस्य श्यामला कहा गया है आदि | **(2)**

खंड- ख (अभिव्यक्ति और माध्यम ) (08अंक)

प्रश्नोत्तर 2 क**.**

लघूतरीय प्रश्न –

1.टेलीविजन के लिए समाचार लेखन में नेट साउंड का तात्पर्य प्राकृतिक आवाजों से हैं| वे आवाज़ें जो दृश्य शूट करते समय खुद ब खुद कैमरे में कैद हो जाती है और दृश्य को प्रमाणित करती हैं | 2

अथवा

एंकर पैकेज किसी घटना से सम्बन्धित खबर को सम्पूर्णता से प्रस्तुत करने का माध्यम है जिसमें घटना के दृश्य ,बाइट और ग्राफिक का समावेश होता हैं | 2

दीर्घउत्तरीय प्रश्न ( शब्द सीमा का ध्यान रखा जाना अपेक्षित है)

2.हिन्दी बेब पत्रकारिता अपनी शैशव अवस्था में है परन्तु इसका भविष्य उज्ज्वल है क्योंकि यह पत्रकारिता का आधुनिक एवं तीव्रतर माध्यम है | यद्यपि इसको फॉण्ट की समस्या, की बोर्ड की मानकीकरण आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है |आदि 4

अथवा

रेडियो के लिए समाचार लेखन करते समय साफ़ सुथरी टाइप्ड कॉपी , समय सीमा ,संदर्भ एवं संक्षिप्ताक्षरों आदि के प्रयोग पर ध्यान रखा जाना चाहिए | आदि 4

प्रश्नोत्तर**.2** ख कहानी एवं नाटक में कथानक , पात्र ,संवाद ,देशकाल एवं वातावरण आदि समानताएं होती हैं । 2

अथवा

दृश्य निर्धारण करते समय कहानी को समय और स्थान के आधारों पर विभाजित किया जाता है । 2

खंड- ग (आरोह भाग **- 2** पाठ्यपुस्तक के आधार पर) **(16** अंक**)**

प्रश्नोत्तर **3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए **- 5**

क**.** कैमरे में बंद अपाहिज कविता आज की पत्रकारिता की स्वार्थपरता एवं असंवेदनात्मक चेहरे की सच्चाई को उजागर करती है|अपने अधिकांश कार्यक्रम में व्यावसायिक दबाव के कारण वे केवल संवेदनशील होने का दिखावा करते हैं परन्तु यह दिखावापन इनके कृत्यों से स्पष्ट हो जाया करती है जो क्रूरता की सीमा तक जा पहुँचती है | आदि 2

अथवा

“स्लेट पर या लाल खड़िया चाक मल दी हो किसी ने ” पंक्ति से यह ध्वनित होता है गांव का बच्चा प्रातःकाल से ही अपने नियत कार्य में संलग्न है | उसकी पारम्परिक शिक्षा की शुरुआत स्लेट और खड़िया चाक से प्रारम्भ होती है | कवि यह भी कहना चाहता है कि सुबह के समय अन्धेरा होने से आसमान काली स्लेट जैसा लगता है औए सूर्य की लालिमायुक्त किरणों की आगमन से ऐसा लगता है कि उस स्लेट पर किसी ने लाल खड़िया मल दिया गया है | 2

ख**.** ऊषा कविता में इन उपमानों के आधार पर कहा जा सकता है कि ऊषा कविता गांव की सुबह का गतिशील शब्दचित्र है | कवि ने गांव की सुबह का सुंदर चित्रण करने के लिए गतिशील बिम्ब योजना की है | भोर के समय आसमान नीले शंख की तरह पावन लगता है | सुबह ओस पड़ी होती है औए आसमान में नमी होती है | फिर वह लाल केसर से धुली हुई सिल जैसा लगता है |कवि दूसरी उपमा स्लेट पर लाल खड़िया मलने से देता है | ये सारे उपमान गांव से सम्बन्धित हैं | आदि 3

अथवा

कैमरे में बंद अपाहिज कविता को भारतीय पत्रकारिता में निम्न बदलाव की आवश्यकता है |
समाजकल्याण की परम भावना , सम्वेदनात्मक व्यवहार , मानवीयता ,निष्पक्षता आदि 3

प्रश्नोत्तर **4.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए **- 5**

क. लुट्टन पहलवान ने ऐसा इसलिए कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं ,यही ढोल है क्योंकि उसका कोई गुरु नहीं था | ढोलक से ही उसने अपनी जीत की प्रेरणा प्राप्त की थी इसीलिए वह ढोल को ही अपना गुरु मानता था | इस पंक्ति से हम यह सन्देश ग्रहण करते हैं कि दृढ संकल्प से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं | दृढ संकल्प है तो बाधाएं भी रास्ता छोड़ देती हैं |

अथवा

जीजी नी ने इंदर सेना पर पानी फेंकने की बात को निम्न तरह से सही ठहराया है |
इंदर सेना पर पानी फेंकना खेत में बीज बोने जैसा है | बीज बोकर ही किसान बीज का सैकड़ों गुना अनाज पैदा करता है |
इंदर सेना पर पानी फेंकना दान देने जैसा है | अभाव की स्थिति में दिया गया दान ही सच्चा दान होता है | 2

ख. कलाओं का अस्तित्त्व शासन का मोहताज होती हैं | पहलवान की ढोलक पाठ में लुट्टन पहलवान श्यामनगर के राजा श्यामानंद के प्रोत्साहन से एक सुविख्यात पहलवान बन जाता है और कुश्ती जैसी कला को पालता पोषता है | राजा श्यामानंद की मृत्यु के पश्चात नए राजा अपना संरक्षण हटा लेता है जिससे लुट्टन पहलवान हताश हो जाता है | अभाव की स्थिति में वह अपनी कला का सम्यक विकास नहीं कर पाता है | इससे यह साबित होता है कि कलाओं का अस्तित्त्व शासन का मोहताज होती हैं | 3

अथवा

नदियों का भारतीय सामाजिक . सांस्कृतिक परिवेश में विशिष्ट महत्त्व है । नदियाँ भूमि को उर्वर बनाती हैं | भूजल स्तर बनाए रखती है | सिचाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करती हैं | नदियां हमारे देश में सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश तैयार की हैं | सभी बड़े नगर , सभ्यताएं नदियों के किनारे ही विकसित हुए | आज भी कुम्भ जैसे महापर्व नदियों के किनारे ही संपन्न होते हैं आदि
3

प्रश्नोत्तर **5**. छात्र स्वविवेकानुसार उत्तर लिखेंगे | **5**

अथवा

सिल्वर वैडिंग कहानी के माध्यम से लेखक का सन्देश
पीढी अंतराल एक बड़ी समस्या है |यशोधर बाबू अपने पुराने संस्कारों नियमों में बंधे रहना चाहते थे आयर उनका परिवार वर्तमान में जी रहे थे जो गलत भी नहीं था | यदि यशोधर बाबू थोड़ा लचीले स्वभाव के हो जाते तो जीवन

में वे खुशी रहते | बचे व परिवार भी यदि यशोधर बाबू के व्यवहार के पीछे के कारणों को समझते एवं उसके अनुसार उनके साथ व्यवहार करते तो पूरा परिवार खुशहाल रहता | अंततः परिवार का हरेक व्यक्ति एक दूसरे को समझे एवं सामंजस्यपूर्ण व्यवहार करें तो परिवार में खुशियाँ बनी रहेंगी |

**5**